नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# 'भारत-यूरोपीय संघ के बीच FTA पर जल्द निष्कर्ष की उम्मीद', पीयूष गोयल से मुलाकात के बाद बोले फ्रांसीसी मंत्री।

Publisher

Published on 03 Jun 2025



## मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता को गति देने की मंशा, भारत-फ्रांस संबंधों को बताया रणनीतिक साझेदारी का मजबूत आधार।

**पेरिस :** फ्रांस ने मंगलवार (3 जून 2025) को उम्मीद जताई कि **भारत और यूरोपीय संघ (EU)** के बीच चल रही **मुक्त व्यापार समझौता (FTA)** वार्ता आने वाले **हफ्तों या महीनों मे संकारात्मक निष्कर्ष** तक पहुंच सकती है।

फ्रांस के **विदेश व्यापार मंत्री लॉरेंट सेट-मार्टिन** ने यह बयान भारत के **वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल** से मुलाकात के बाद दिया। उन्होंने कहा कि यह वक्त दुनिया को दिखाने का है कि हम व्यापार युद्ध नहीं बल्कि **मुक्त व्यापार** में विश्वास करते हैं।

**'रक्षा साझेदारी को बनाएं उदाहरण' — लॉरेंट सेट-मार्टिन**

फ्रांसीसी मंत्री ने यह भी कहा कि **भारत-फ्रांस रक्षा संबंध** दोनों देशों के बीच एक **सफलता की कहानी** है और इसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक उदाहरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

"आइए, हम रक्षा क्षेत्र की साझेदारी को अन्य आर्थिक क्षेत्रों तक विस्तारित करें।"

**FTA समझौते मे शामिल है कृषि, पर्यावरण और स्वच्छता जैसे अहम पहलू**

मंत्री सेंट-मार्टिन ने कहा कि फ्रांस न सिर्फ **शुल्क और गैर-शुल्क बाधाएं** कम करना चाहता है, बल्कि **कृषि और पर्यावरणीय मानकों** का भी सम्मान करना जरूरी मानता है।

"हमें स्वच्छता और पर्यावरण के मानकों के साथ संतुलन बैठाना होगा। दोनों पक्षों को एक-दूसरे की चिंताओं को समझना होगा," उन्होंने कहा।

**पीयूष गोयल की अगुवाई मे फ्रांस पहुंचे भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल**

**वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल** आधिकारिक यात्रा पर फ्रांस पहुंचे हैं। उनके साथ **50 से अधिक सदस्यों वाला व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल** भी है। दोनों देशों के प्रमुख उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं के बीच बैठकें हुईं।

गोयल ने कहा:"भारत और फ्रांस के आर्थिक और सांस्कृतिक रिश्ते बेहद महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच यह बैठक एक मजबूत संकेत है कि दोनों देश रणनीतिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं।"

**यूरोपीय संघ और भारत के बीच व्यापार का अपार संभावनाएं**

लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने स्पष्ट किया कि **भारत यूरोप की प्राथमिकताओं मे प्रमुख स्थान रखता** है और यूरोपीय आयोग इस समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप देना चाहता है।

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को **निर्यात, निवेश** और **व्यापार संबंधों** की पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.